अमर उजाला 04

न्यूज़ डायरी

स्टार्टअप समिट में जीता 15 हजार का इनाम

विजेता बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। स्रोतः स्कूल

सोनीपत (वि)। ऋषिकुल विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने नवाचार और तकनीकी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सोनीपत स्टार्टअप समिट में दूसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एआईसी टैक्नोपार्क आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित स्टार्टअप समिट में विद्यालय के कुल 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न नवाचार परियोजनाओं का अवलोकन किया। कक्षा आठवीं से भव्य और रायना ने अपना एटीएल (एटीएल) प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया जिसे निर्णायकों ने सराहा व 15 हजार का पुरस्कार प्रदान किया।